CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:22 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:55 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 79 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. बुधवार, 11 सितम्बर 2024



करीना बोलीं- मैं जवान...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### चलती ट्रेन में महिला का मंगलसूत्र झपटा

**देहरादून।** एक महिला ने ट्रेन यात्रा के दौरान अपने गहने चोरी होने की रिपोर्ट जीआरपी देहरादून में दर्ज कराई है। गीताजंली मेहरा पत्नी विजय सिंह मेहरा निवासी रेस कोर्स आफिसर्स कांलोनी देहरादून ने जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपने पति के ट्रेन के कोच नंबर एस-1 की सीट नंबर 19 और 22 पर बैठे हुए थे। ट्रेन के लालकुआँ रेलवे स्टेशन पर रुकने के बाद, जैसे ही ट्रेन फिर से चली, एक अज्ञात व्यक्ति ने खिड़की से हाथ डालकर महिला के गले में पहनी सोने की चेन (मंगलसूत्र) छीन ली और फरार हो गया। महिला ने तुरंत रेलवे सहायता नंबर 139 पर सूचना दी, जिसने उन्हें देहरादून रेलवे स्टेशन पर जाकर रिपोर्ट दर्ज कराने की सलाह दी। महिला ने जीआरपी देहरादून में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई और उचित कार्रवाई की मांग की है।

### रेलवे स्टेशन में घूमने गए व्यक्ति से मारपीट

**काशीपुर।** रेलवे स्टेशन पर घूमने गए एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी गई जिसमें उसके गंभीर चोट आ गई। उसका उपचार चल रहा है। आरोपी है मारपीट करने वालों ने जातिसचक शब्दों का भी प्रयोग किया है। मामले की शिकायत जीआरपी काशीपुर में दर्ज कराई गई है। मुन्नी देवी निवासी रेलवे कॉलोनी, वार्ड नं. 6 केशवनगर बाजपुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसके पति भीमसेन रोजाना की तरह 6 सितंबर की रात 11 बजे रेलवे स्टेशन पर घूमने गए थे। आरोप है कि इस दौरान हिमांशु गुप्ता नामक व्यक्ति ने भीमसेन को गालियां देनी शुरू कर दी और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। जब भीमसेन ने इसका विरोध किया, हिमांशु ने पास में पड़े पत्थर से उनके सिर और मुंह पर हमला कर दिया। मारपीट होती देख रेलवे स्टेशन पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने बीच बचाव का प्रयास किया लेकिन हिमांशु ने उन्हें चाकू दिखाकर डराने का भी प्रयास किया।

## बदरीनाथ धाम की ऊंची चोटियों पर हुई सीजन की पहली बर्फबारी

देहरादून

हमारे संवाददाता

बदरीनाथ धाम की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी पड़ने के साथ ही धाम में ठंड बढ़ गई। धाम में मंगलवार रात से बारिश हो रही थी। बदरीनाथ धाम की ऊंची चोटियों पर सीजन की पहली बर्फबारी हुई है। इसके बाद से ही धाम में ठंड बढ़ गई है।

मंगलवार रात को हुई बारिश के बाद आज सुबह धाम की ऊंची चोटियों पर सीजन की पहली बर्फबारी दिखाई दी। बदरीनाथ धाम की ऊंची चोटियों के अलावा



माणा क्षेत्र के पास भी बर्फबारी हुई है। बता दें, कि प्रदेश के कई जिलों में बारिश तबाही मचाई हुई है। उत्तराखंड में मानसून अंतिम चरण में है। लेकिन विदाई से पहले राज्य के पर्वतीय जिलों में मौसम अपना तेवर दिखाएगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से 11 से 14 सितंबर तक प्रदेश के पर्वतीय जिलों में भारी से भारी बारिश का ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं, मौसम वैज्ञानिकों ने हिदायत देते हुए कहा कि संवेदनशील इलाकों में दिन के साथ रात में भी सतर्कता बरतें। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी अलर्ट के अनुसार आज (बुधवार) हरिद्वार, उत्तरकाशी और टिहरी जिले के कुछ इलाकों में मूसलाधार बारिश होने के आसार हैं। कुमाऊं मंडल के बागेश्वर जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। वहां तेज गर्जना के साथ भारी से भारी बारिश होने की भी संभावना है। देहरादून, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, चमोली, रुद्रप्रयाग, चंपावत और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया।

केदारनाथ यात्रा में मौसम बड़ी बाधा बना है। बारिश के चलते सुबह 8.30 बजे से केदारनाथ पैदल यात्रा सोनप्रयाग से ही रोक दी गई है। बारिश से भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। ऐसे में जिला प्रशासन भी अतिरिक्त सावधानी रख रहा है।

मकसद यूपी को सेमी कंडक्टर के निर्माण का हब बनाना

## प्रधानमंत्री मोदी ने सेमिकॉन इंडिया 2024 का किया उद्घाटन

नई दिल्ली

एजेंसी

इंडिया एक्सपो सेंटर एवं मार्ट में तीन दिवसीय सेमीकॉन इंडिया-2024 का शुभारंभ बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इसमें 26 देशों के 836 प्रदर्शक और 50 हजार से अधिक विजिटर भाग ले रहे हैं। आयोजन का मकसद यूपी को सेमी कंडक्टर के निर्माण का हब बनाना है।

इंडिया एक्सपो मार्ट में पीएम मोदी ने सेमिकॉन इंडिया 2024 का उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने पीएम मोदी को मेक इन इंडिया का चिन्ह भेंट किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो मार्ट में एक प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। पीएम मोदी ने सेमीकंडक्टर से जुड़ी कंपनियों के कार्यकारी अधिकारियों के साथ मंगलवार को बैठक भी की। पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र और प्रौद्योगिकी मिलकर मानवता का कल्याण सुनिश्चित कर



### कार्यक्रम को लेकर आज रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

इंडिया एक्सपो मार्ट में प्रधानमंत्री के आगमन लेकर बुधवार को जिले के कई मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा। सुबह 7 से रात 11 बजे तक का ट्रैफिक डायवर्जन प्लान जारी किया है। इस दौरान कार्यक्रम स्थल के आसपास के मार्गों पर सभी मालवाहक वाहनों पर रोक रहेगी।

सकते हैं। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत वैश्विक जिम्मेदारी समझते हुए आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि सेमीकंडक्टर डिजिटल युग का आधार है। वह दिन दूर नहीं जब यह उद्योग हमारी बुनियादी आवश्यकताओं का भी आधार होगा।

## संदिग्ध खालिस्तानी समर्थक युवक का पूछताछ के बाद पुलिस एक्ट में चालान, परिजनों के सुपुर्द

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कार्रवाई

- युवक की बाईक पर लिखा है पक्के खालिस्तान

काशीपुर हाइवे से पकड़े गए संदिग्ध खालिस्तानी समर्थक की पुलिस और खुफिया विभाग ने काउंसलिंग की। साथ ही उसका पुलिस एक्ट में चालान कर उसे परिऊके सुपुर्द कर दिया है। पुलिस और खुफिया विभाग उस पर नजर रखेगी। साथ ही उसका मोबाइल भी सर्विलेंस में रहेगा। काशीपुर रोड स्थित रेव सिनेमा में इमेंजेंसी फिल्म के दो सितंबर को पोस्टर फाड़ दिया गया था। इसकी वीडियो इंटरनेट मीडिया के जरिए पुलिस तक पहुंची तो जांच शुरू कर दी गई थी। साथ ही पोस्टर फाड़ने वाले युवक की पहचान कर मंगलवार दोपहर पुलिस ने उसे काशीपुर रोड से पकड़ लिया था। पूछताछ में उसने बताया की वह बरेली थाना बहेड़ी के चचेट का रहने वाला है और रुद्रपुर में ठंडई बेचने का काम करता है। उसकी बाईक में खालिस्तान लिखा हुआ था। जिस पर पुलिस उसे कोतवाली ले आई थी। बाद में एसएसपी मणिकांत मिश्रा सहित पुलिस अधिकारियों और खुफिया विभाग के साथ ही आईबी ने पूछताछ कर उसका मोबाइल खंगाला था। उससे कई घंटे हुई पूछताछ के बाद उसकी काउंसलिंग की गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक़ पुलिस एक्ट में चालान किया गया। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने पुलिस के साथ ही खुफिया विभाग को उस पर नजर रखने के निर्देश दिए है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक उसके साथ एक नाबालिग युवक भी है। पुलिस ने उसे भी परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बाईक सीज कर दी है।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि पुलिस के साथ साथ खुफिया विभाग ने उससे पूछताछ की। उसका मोबाइल भी खंगाला गया। उसकी काउंसलिंग के बाद पुलिस एक्ट में चालान कर किया गया है। उसके साथ दूसरा युवक नाबालिग है। उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। खुफिया विभाग को उस पर नजर रखने और उसका मोबाइल को सर्विलेंस के जरिए नजर रखने के निर्देश दिए है।

## मंत्रिमंडल की बैठक टली, सीएम आज दिल्ली, कल जम्मू कश्मीर में चुनाव प्रचार के लिए करेंगे रोड शो

देहरादून

हमारे संवाददाता

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक फिर से टल गई है। आज बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दिल्ली जाएंगे। 12 सितंबर को सीएम जम्मू कश्मीर में चुनाव प्रचार के लिए रोड शो करेंगे। बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक तय की गई थी। लेकिन मुख्यमंत्री के दिल्ली जाने और जम्मू कश्मीर में पार्टी की ओर से प्रचार के लिए जिम्मेदारी देने से बैठक को स्थगित कर दिया किया गया।

11 सितंबर को मुख्यमंत्री दिल्ली में रहेंगे। 12 सितंबर को जम्मू पहुंचेंगे। सांबा बस स्टैंड में भाजपा



प्रत्याशी सुरजीत सिंह के पक्ष में रोड शो के माध्यम से प्रचार करेंगे। इसके बाद प्रत्याशी के नामांकन में शामिल रहेंगे। इसी दिन शाम को वापस दिल्ली लौटेंगे।

## नशे में बर्बादी: तीन किलो चरस समेत एक गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

काठगोदाम थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वाहन से तीन किलो चरस बरामद की है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

बरामद चरस की कीमत लाखों रूपये बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजने की तैयारी चल रही है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने पत्रकारों के समक्ष घटना का खुलासा करते हुए बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत लगातार चैकिंग की जा रही है। इसके तहत खेड़ा चौकी प्रभारी एसआई मनोज कुमार पुलिस टीम के साथ गौलापार क्षेत्र में वाहन चेकिंग कर रहे थे, जब वह खेड़ा चौकी के पास पहुंचे तो गोला पुल की ओर से



एक कार संख्या यू के 04 टी बी 5996 आती दिखाई दी।

पुलिस टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया लेकिन कर चालक ने पुलिस को देखकर कार की गति बढ़ते हुए भागने का प्रयास किया तो पुलिस ने कार चालक को रोक कर कार की तलाशी ली तो उसमें 3 किलो 14 ग्राम चरस बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम नन्दन सिंह निवासी बेड़ीचुला नैनीताल बताया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पकड़े गए तस्कर में पूछताछ में कई नामों का खुलासा किया है। जो जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे। चौकी प्रभारी का कहना है कि पकड़ी गई चरस की कीमत अंतराष्ट्रीय बाजार में लगभग 5 लाख की आंकी गई है। पुलिस टीम में एसओ काठगोदाम विमल कुमार मिश्रा, खेड़ा चौकी प्रभारी मनोज कुमार, कांस्टेबल संतोष सिंह, टीका राम, अनिल कुमार, आदि शामिल रहे।

## नशे के इंजेक्शन समेत एक दबोचा

**हल्द्वानी।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स टीपी नगर क्षेत्र में एक व्यक्ति को नशीले इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। टीपी नगर पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक संदिग्ध स्कूटी सवार जंगल की ओर से रामपुर रोड की ओर आ रहा है। जिस पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्कूटी सवार को पकड़ लिया। स्कूटी की डिग्गी तलाशी ली गई तो उसमें नशे के 19 इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना रिजवान मियां उर्फ बाबू निवासी इन्दिरा नगर काबुल का बगीचा वनभूलपुरा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी सीज कर दी है।

# डीएम वंदना ने ली प्रबंधकों, अभिभावकों व प्रतिनिधियों की ली बैठक

नैनीताल

हमारे संवाददाता



जिलाधिकारी वंदना सिंह ने मंगलवार को नैनीताल क्लब में नगर के निजी विद्यालयों के प्रबंधकों और अभिभावकों तथा प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न विषयों पर बैठक ली।

बैठक में मानसून अवधि में विद्यालयों के संचालन समेत नशा मुक्ति, पर्यटन सीजन में स्कूलों में ट्रैक व्यवस्था आदि के संबंध में नगर के सभी विद्यालयों के प्रतिनिधियों तथा अभिभावकों से सुझाव मांगे और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अभिभावकों ने बताया कि विद्यालयों के आस पास व सार्वजनिक स्थलों और पार्कों आदि इलाकों में नशा और अराजकता देखने को मिल रही है जिस कारण स्कूली बच्चे भी नशे की चपेट में आ रहे हैं जिस पर जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधकों को कहा कि बच्चों को समय -समय पर काउंसलिंग करने की आवश्यकता है साथ ही बच्चों के व्यवहार में हो रहे बदलाव पर भी अभिभावकों/ टीचरों की विशेष रुप से ध्यान रखना चाहिए।

उन्होंने अभिभावकों से कहा कि स्कूलों की बैठक में छात्र-छात्राओं से विचार विमर्श और समाज में हो रही गतिविधियों के बारे में जानकारी देनी चाहिए। जिससे बच्चे सुरक्षित और अपराध से दूर रह सके। उन्होंने स्कूलों में बदलते समय की आवश्यकता के अनुरूप कैरियर काउंसलिंग करने के निर्देश दिए जिससे छात्र-छात्राओं आसानी से अपने लक्ष्य की प्राप्त कर सके। कहा कि जिले में संचालित सभी कोचिंग सेंटरों में मानकों की जांच करायी जाएगी। साथ ही बिना मानकों के तहत अवैध रुप से संचालित हो रहे कोचिंग सेंटरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अभिभावकों की और से आए सुझाव के क्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि मानसून अवधि में बारिश के समय बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए कई बार जिला प्रशासन को अवकाश घोषित करना पड़ता है जिससे पठन पाठक का कार्य बाधित होता है। इसके लिए बरसात में हुए अवकाश को दिसंबर माह में जोड़ कर पठन पाठन का कार्य पूरा किया जाने पर विद्यालय विचार करें।

कहा कि नैनीताल में 15 अप्रैल से 15 जून तक पर्यटन सीजन रहता है। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों वार्षिकोत्सव या अन्य विद्यालय से जुड़े कार्यक्रम किए जाते हैं जिसमें काफी संख्या में अभिभावक दूर दूर से प्रतिभाग करते हैं, भीड़ होने के कारण काफी समय ट्रैफिक व्यवस्था बाधित होती है।

उन्होंने कहा कि वार्षिकोत्सव की तिथि को शिफ्ट कराने के लिए अभिभावकों से सुझाव लेने चाहिए, साथ ही उन्होंने 15 अप्रैल से लेकर 15 जून तक विद्यालयों में होने वाले कार्यक्रमों की सूचना एक माह पहले पुलिस को देने की बात कही जिससे पुलिस द्वारा नगर में यातायात व्यवस्था बेहतर की जा सके। कहा कि जिन स्कूलों में पार्किंग व्यवस्था है ऐसे विद्यालयों में प्रबंधक स्कूली बच्चों को उतार चढ़ाव की जिम्मेदारी लेते हुए परिसर के भीतर वाहन की पार्किंग करेंगे जिससे जाम की समस्या दूर होगी। अभिभावकों ने बताया कि नैनीताल नगर में कई जगहों पर वन वे है लेकिन अधिकांश वन वे मार्गों में दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही होती है जिस कारण दुर्घटना का भय बना रहता है, जिस पर जिलाधिकारी ने वन वे मार्गों में पुलिस की अतिरिक्त टीम लगाने की बात कही। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के साथ मिलकर सार्वजनिक स्थलों में पौध रोपण समेत सफ़ ाई अभियान तथा जागरुकता अभियान आदि कार्यक्रम चलाने को कहा।

इस दौरान मुख्य शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टम्टा तथा तथा ऑल सेंट्स की प्रधानाचार्य किरन जरमाया, शेरवुड कॉलेज के प्रधानाचार्य अमनदीप सांधू, बिरला विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अनिल शर्मा, सेंट मैरी की प्रधानाचार्य सिस्टर मंजूषा, सनवाल स्कूल की प्रधानाचार्य ए ईमेनुयल, सेंट जोजफ के प्रधानचार्य ब्रदर्स जैरम ईमेनुयल, एलपीएस के प्रधानचार्य भुवन त्रिपाठी, सेंट ज़ेवियर के प्रधानाचार्य नईम अहमद खान के अलावा विभिन्न विद्यालयों के प्रधानचार्य मौजूद रहें।



# कर्मचारियों ने किया आंदोलन के साथ पौधारोपण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर मंगलवार को निगम कर्मचारियों का नियमितीकरण की मांग को लेकर चलाया जा रहा अनूठा पर्यावरण संरक्षण का आंदोलन 69वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ महामंत्री कंचन चंदोला के नेतृत्व में केव गार्डन परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। वहीं उनके द्वारा विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया। महासंघ के उपाध्यक्ष अनिल जोशियाल के नेतृत्व में कर्मचारियों ने पौधे रोपे तथा कार्यक्रम के तहत चमोली के जिलाधिकारी डा. संदीप तिवारी को पौधा दिया व उनके माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भिजवाए। उत्तरकाशी जनपद में भी कर्मचारियों ने विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरु रानी के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने पिथौरागढ़ स्थित मां उल्का देवी मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजाति के 50 पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में हर सिंह, वेद प्रकाश, पदम सिंह, गोपाल बिष्ट, दीपक ,राजेंद्र सिंह, सौरभ खोलिया, महेश कुमार तथा विजय बोरा सहित निगम कर्मी उपस्थित हुए।

# गणेश महोत्सव पर कलाकारों ने भजनों से किया भक्तिपूर्ण माहौल

नैनीताल

हमारे संवाददाता

ज्योलीकोट में चल रहे गणेश महोत्सव में सोमवार की देर शाम और मंगलवार को भक्तिपूर्ण माहौल में कलाकारों ने जमकर अपनी कला का प्रदर्शन से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

इस दौरान महर्षि विद्या मंदिर ताकुला, संत एंथोनी,बाल संसार तथा राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों में सांस्कृतिक धार्मिक रंग बिखरे और दर्शकों की वाहवाही लूटी। संत एंथोनी और राजकीय इंटर कालेज तथा स्थानीय कलाकारों व बावरा ग्रुप के कलाकारों ने धार्मिक, सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जिसे काफ ी सराहा गया। इससे पूर्व आचार्य देवेश जोशी द्वारा मुख्य यजमान कमल चमियाल तथा अनिता चमियाल, संजय भंडारी व सरिता भंडारी ने विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों और पूर्णाहुति संपन्न कराया।

आयोजित भंडारे में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम पंच आरती छप्पन भोग, दीपदान आयोजित किया। बुधवार (आज) को प्रातः शोभा यात्रा में गणेश जी भ्रमण पर निकलेंगे जिसके बाद चित्रशिला घाट में विसर्जन होगा। आयोजन में गणेश महोत्सव कमेटी के साथ क्षेत्रीय युवाओं द्वारा भरपूर सहयोग किया जा रहा है।



## NEWS / फटाफट

### लेक ब्रिज चुंगी पर पर्यटक ने काटा हंगामा, पुलिस देख फरार

**नैनीताल।** लेकब्रिज टोल चुंगी पर सोमवार की देर रात्रि एक पर्यटक ने खासा हंगामा किया। पुलिस की ओर से कार हटाने को कहने के बाद वह पुलिस से अभद्रता करने लगा और मौका देखकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार सोमवार देर शाम एक पर्यटक अपनी कार से लेकब्रिज चुंगी पहुंचा। लेकब्रिज चुंगी पर टोल कर्मियों की ओर से टोल शुल्क मांगने पर वह भाग गया। वह कार से बाहर उतरकर टोल कर्मियों से भिड़ गया। इस दौरान वहां लंबा जाम लग गया। जाम को देख तल्लीताल पुलिस मौके पर पहुंची और पर्यटक से कार साइड लगाने को कहा। इस पर पर्यटक युवक पुलिस से भी भिड़ गए और पुलिस कर्मियों से ही अभद्रता में उतर आया। जब पुलिस ने कार्रवाई की बात कही तो वह अपनी कार लेकर फरार हो गया। एसओ रमेश सिंह बोरा ने बताया कि वायरलेस से सभी जगह कार का नंबर देकर सूचित कर दिया गया है। पकडे जाने पर उस पर कार्रवाई की जाएगी।

### दुष्कर्म मामले के आरोपी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की

**नैनीताल।** महिला के साथ दुष्कर्म तथा पोस्को मामले में फंसे नैनीताल दुग्ध संघ लालकुआं के अध्यक्ष मुकेश बोरा गिरफतारी पर रोक लगाने व उसके विरूद्ध दर्ज प्राथमिकी पर रोक लगाने को हाईकोर्ट पहुंच गया है। इसकी भनक लगते ही पीड़िता की ओर से कैवियट दाखिल कर दी गई है। बोरा की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हो सकती है। दुग्ध संघ अध्यक्ष व भाजपा नेता मुकेश बोरा की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। एडीजे कोर्ट हल्द्वानी से जमानत अर्जी खारिज होने के बाद बोरा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

### दुकानदार को पर्यटकों से अभद्रता करना पड़ा महंगा

**नैनीताल ।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में एक दुकानदार को पर्यटकों से अभद्रता करना महंगा पड़ गया। पर्यटकों की शिकायत पर पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक लखनऊ से नैनीताल घूमने पहुंचे पर्यटक मंगलवार की दोपहर न्यू पालिका बाजार मल्लीताल में खरीददारी कर रहे थे। इस दौरान बारिश आई तो पर्यटक एक दुकान के बाहर खड़े हो गए। जहां दुकान में मौजूद एक युवक ने पर्यटकों से अभद्रता करते हुए दुकान के आगे से हटने को कहा। बारिश के कारण पर्यटक वहां से नहीं हटे तो दुकानदार ने गाली गलौच शुरू कर दी जिस पर गुस्साए पर्यटकों ने 112 में कॉल कर पुलिस से शिकायत कर दी। शिकायत के मौके पर पहुंची पुलिस पर्यटकों व दुकानदार को कोतवाली ले आई। जहां दुकानदार व पर्यटक एक दूसरे पर आरोप लगाते रहे। देर तक बहस के बाद दुकानदार ने अपनी गलती मानते हुए पर्यटकों से माफ ी मांग ली। एसआई प्रियंका मौर्य ने बताया कि मल्लीताल स्नोव्य निवासी मनीष जोशी के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की गई है।

### जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में छात्र हर्षित की जीत



**ज्योलीकोट/नैनीताल।** विद्यालयी शिक्षा की खेल गतिविधियों के अंतर्गत भीमताल मेंआयोजित अंडर-17 जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शहीद हीरा बल्लभ भट्ट राजकीय इंटर कॉलेज ज्योलीकोट के कक्षा 10 के छात्र हर्षित नगदली ने अपने प्रतिद्वंद्वी को पराजित कर दिया। अगले माह चंपावत में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेगा। हर्षित की इस उपलब्धि पर अवसर पर प्रधानाचार्य,शिक्षक-शिक्षिकाओं,जनप्रतिनिधियों ने खुशी व्यक्त करते उज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्यने बताया कि हर्षित नगदली को पढ़ाई-लिखाई के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी अव्वल रहता है।

### हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.खोलिया बेस अस्पताल में देंगे सेवा



**हल्द्वानी।** वरिष्ठ हड्डी रोगी विशेषज्ञ डॉ.पीएस खोलिया बेस अस्पताल में पुन: सेवाएं देंगे। डॉ.खोलिया ने पहले इसी अस्पताल में रहकर मरीजों के कूल्हे व घुटनों के जटिल ऑपरेशन कर उन्हें राहत पहुंचा चुके हैं। इसी वजह से उनकी चिकित्सा क्षेत्र में विशेष पहचान बनी है। इधर उनके बेस अस्पताल में ज्वाइन करने से कुमाऊं भर से उपचार कराने आने वाले मरीजों को सुलभ चिकित्सा सेवा उपलब्ध हो सकेगी।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। -संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# धूमधाम से मनाया भारत रत्न गोविंद बल्लभ पन्त की जयंती, श्रद्धांजलि दी

नैनीताल

हमारे संवाददाता



ज्योलीकोट नैनीताल भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पन्त की जयंती शहीद हीरा बल्लभ भट्ट राइका में धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रजनी रावतविशिष्ट अतिथि कैलाश वर्मा, अध्यक्ष प्रधानाचार्य कुंदन सिंह बुदियाल, ग्राम प्रधान रजनी रावत, हरगोविंद रावत, अन्य वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण दिवस पर उत्तराखंड और देश के वीर सपूत, कुशल प्रशासक और नीति निर्धारक, विचारक को श्रद्धांजलि देते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लें।

वक्ताओं ने कहा कि भारत रत्न पंत जी ने छोटे से गांव से निकलकर विषम पारिवारिक परिस्थितियों के साथ ही अन्य विषम परिस्थितियों में भी देश के विकास, देश समाज के हित में किए गए विभिन्न सुधार जिसमें भूमि सुधार,जमींदारी उन्मूलन एवं सामाजिक, सांस्कृतिक विरासत से जुड़े मुद्दों पर जो कार्य किए उसे भुलाया नही जा सकता और ये हमेशा नई पीढ़ी को प्रेरणा देते रहेंगे।

कार्यक्रम में बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जो काफी सराहे गए।आयोजन समिति की ओर से अथितियों को स्मृति चिन्ह मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान और प्रतिभागियों को पुरस्कृत और वृक्षारोपण किया गया इस मौके पर शिक्षक, शिक्षिकाएँ, जनप्रतिनिधि, प्रधान हरगोविंद रावत, राम दत्त चनियाल, सामाजिक कार्यकर्ता, आयोजन समिति ने पदाधिकारी उपस्थित हुए। संयोजक कैलाश जोशी ने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

# अभिमत



## पुनर्वास की जरूरत

*मूसलाधार बारिश के दौरान वरुणावत पर्वत से भारी भूस्खलन होने पर उत्तरकाशी के करीब आधा किलोमीटर क्षेत्र में बने भवनों को खाली कराया गया। वरुणावत पर्वत संवेदनशील होने से भूकम्प के अतिरिक्त बारिश के दौरान भी तबाही मचाता है। आपदा होने पर प्रशासन मुस्तैदी दिखाते हुए भवनों को खाली कराता है और खतरा टल जाने पर लोगों को पुनः संवेदनशील क्षेत्र के भवनों में भेज कर कर्तव्य की इतिश्री कर लेता है, जबकि खतरे की जद में बसे लोगों के स्थायी पुनर्वास की जरूरत है। उत्तराखंड में सिर्फ वरुणावत पर्वत ही संवेदनशील नहीं है, बल्कि अनेक पर्यटननगरी खतरे की जद में हैं।*

हिमालयी राज्य उत्तराखंड भूकम्प की दृष्टि से हमेशा संवेदनशील रहा है। अलग उत्तराखंड राज्य का गठन होने से पहले उत्तर प्रदेश का हिस्सा था, उस समय वर्ष 1991 में उत्तरकाशी में रेक्टर स्केल पर 6.8 तीव्रता का भूकम्प आया था। सात सौ से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद 2002 में भूकम्प से भारी नुकसान हुआ। भूकम्प किसी भी क्षेत्र में आ सकता है और उससे क्षति को रोका नहीं जा सकता है, लेकिन प्राकृतिक आपदा से बचाव के कार्य किये जा सकते हैं। विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण पर्वतीय क्षेत्र के निवासियों को प्राकृतिक आपदाओं से जूझना पड़ता है। जोशीमठ में पिछले साल मानसून के दौरान भूधंसने से अनेक भवनों में दरारें पड़ गई थीं। खतरे की जद में आये लोगों से मकान खाली कराकर सुरक्षित ठिकानों पर अस्थाई तौर पर रखा गया था। इस साल मूसलाधार बारिश के दौरान वरुणावत पर्वत से भारी भूस्खलन होने पर उत्तरकाशी के करीब आधा किलोमीटर क्षेत्र में बने भवनों को खाली कराया गया। वरुणावत पर्वत संवेदनशील होने से भूकम्प के अतिरिक्त बारिश के दौरान भी तबाही मचाता है। आपदा होने पर प्रशासन मुस्तैदी दिखाते हुए भवनों को खाली कराता है और खतरा टल जाने पर लोगों को पुनः संवेदनशील क्षेत्र के भवनों में भेज कर कर्तव्य की इतिश्री कर लेता है, जबकि खतरे की जद में बसे लोगों के स्थायी पुनर्वास की जरूरत है। उत्तराखंड में सिर्फ वरुणावत पर्वत ही संवेदनशील नहीं है, बल्कि अनेक पर्यटननगरी खतरे की जद में हैं। विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सरोवरनगरी नैनीताल में अपर और लोअर माल रोड के धंसने से नैनी झील को खतरा उत्पन्न हो गया है। बरसात के दौरान लोअर माल रोड का बड़ा हिस्सा धंसकर झील में कई बार समा चुका है। कुछ साल पहले लोअर माल रोड की मरम्मत करके यातायात चालू किया गया था, लेकिन पिछले साल पुनः सड़क टूट गई। लोअर माल रोड के साथ ही अपर माल रोड में दरारें पड़ने से रोड के किनारे की ऊंची पहाड़ी पर बने अनेक होटल, कार्यालय और आवासीय कालोनी के अस्तित्व को भी खतरा पैदा हो गया है। ब्रिटिश शासनकाल के दौरान बना गवर्नर हाउस (राजभवन) देश की राष्ट्रीय धरोहर की सूची में है। राजभवन को जाने वाली सड़क बरसात के दौरान टूट जाती है। अति विशिष्ट व्यक्ति से संबंधित क्षेत्र होने के कारण प्रशासन तत्काल मरम्मत करा देता है। नैनीताल में माल रोड धंसने को नहीं रोका गया तो उसके किनारे ऊंची पहाड़ी पर निर्मित शहर का 50 प्रतिशत हिस्सा पूरी तरह ध्वस्त होने का खतरा है। संवेदनशील क्षेत्रों को चिह्नित कर स्थायी समाधान की जरूरत है।

# मां नंदा व सुनंदा की मूर्तियों को मंडप में स्थापित किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के तत्वावधान में चल रहे आठ दिवसीय 122वें श्री मां नंदा देवी महोत्सव के तहत मंगलवार को कदली के वृक्षों से विषय विशेषज्ञों की ओर से मां नंदा व सुनंदा की मूर्तियों का निर्माण कार्य पूरा करने के बाद देर रात उन्हें मां नयना देवी मंदिर में सजे मंडप में स्थापित कर दिया गया। दूसरी ओर अब बुधवार (आज) ब्रह्म मुहूर्त में इन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही विशेष पूजन कर उन्हें भक्तजनों के दर्शनार्थ स्थापित कर दिया जाएगा।

इससे पूर्व सेवा समिति भवन में कदली वृक्षों तथा बांस आदि का प्रयोग कर मां नंदा सुनंदा की मूर्तियों का निर्माण लोक पारंपरिक कलाकारों द्वारा मूर्ति निर्माण किया गया जिसमें चंद्र प्रकाश साह,गोधन सिंह, हीरा सिंह,भुवन बिष्ट ,ललित साह, आरती सम्मल,मोनिका साह,भारती, हरीश पंत तथा अमर साह दीप गुरुरानी तथा भोला शामिल रहे। मंगलवार को नैनीताल दौरे पर पहुंचे उत्तराखंड विधान सभा की अध्यक्ष ऋतु खंडूरी



ने मूर्ति निर्माण के लोक पारंपरिक से बातचीत की तथा मूर्ति निर्माण के जानकारी ली तथा सीधा प्रसारण में उत्तराखंड के लोगों को नंदा देवी पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा मां नंदा उत्तराखंड कुलदेवी जो यहां के लोगो के व्यवहार से दिखता है।

दूसरी ओर सभा भवन में हुई लोकगीत में प्रथम मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर की हर्षिता गुसाईं,द्वितीय निशांत पाल सेंट जॉन पब्लिक स्कूल तथा तृतीय वैष्णवी गुसाईं रमा मांटेसरी तथा मयंक बुदलाकोटी सेंट जॉन स्कूल तथा तनिष्का पंत बीएसएसवी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। क्विज में बीएसएसवी गर्ल्स प्रथम एसेंट जॉन स्कूल तथा एमएल साह बाल विद्या मंदिर द्वितीय तथा बीएसएसवी बॉयज थर्ड रहे। कार्यक्रम का संचालन हेमंत बिष्ट ,प्रो ललित तिवारी,मीनाक्षी कीर्ति व नवीन पांडे ने किया। निर्णायक बृज मोहन जोशी तथा कैलाश जोशी रहे जबकि विजेताओं को पुरुस्कार गिरीश जोशी, मनोज साह, राजेंद्र लाल साह ,जगदीश बवाड़ी तथा ललित साह ने वितरित किए। इस दौरान आशीर्वाद क्लब ने पुरुस्कार प्रदान किए । इस अवसर पर नीलू एल्हंस, निधि कंसल,गीता साह, तारा बोरा तथा नीलम जोशी व विक्रम सिंह रावत आदि उपस्थित रहे ।

मां नंदा देवी महोत्सव के उपलक्ष में फ्लैट्स मैदान में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के तत्वावधान में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर स्टॉल का शुभारंभ किया गया। इस स्टॉल में सरल कानूनी ज्ञान माला पुस्तकों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। पात्र व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के विद्वान पैनल अधिवक्ता एवं पैरा लीगल वालंटियर के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता पांचों दिन उपलब्ध कराई जाएगी एवं शिविर में जरूरत मंद को माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से उपकरण आदि उपलब्ध कराए जाएंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के अध्यक्ष सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में जिला उद्यान केंद्र,निर्मल सोसाइटी के सहयोग से स्टॉल में महिलाओं हेतु तीन दिवसीय जूट बैग मेकिंग का कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसका शुभारंभ उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के सदस्य सचिव प्रदीप मानी त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

## कुलपति त्रिपाठी की नियुक्ति को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई से इनकार

**नैनीताल।** आयुर्वेद विवि के कुलपति डा.अरुण कुमार त्रिपाठी की नियुक्ति को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई हुई। वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति तिवारी भी कुलपति चयन समिति में एक सदस्य रहे हैं। उन्होंने याचिका को दूसरी बैंच को स्थानांतरित करने को कहा है।

हरिद्वार के डॉ. नवनीत परमार ने जनहित याचिका दायर कर उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय में कुलपति डा. अरुण कुमार त्रिपाठी की नियुक्ति को चुनौती दी है। आरोप लगाया कि डा. त्रिपाठी कुलपति पद के लिए योग्यताओं जैसे प्रोफेसर पद पर 10 वर्ष का अनुभव नही रखते हैं। कुलपति आवेदन के लिए अनुभव एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र भी नियम विरुद्ध तरीके से जारी किया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि कुलपति की नियुक्ति नियम विरुद्ध तरीके से की गई है। उन्होंने इस चयन को रद करने की मांग की है।

## तीन दिवसीय जूट बैग मेकिंग का कौशल विकास प्रशिक्षण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

मां नंदा देवी महोत्सव 2024 के उपलक्ष में फ्लैट्स मैदान नैनीताल में माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के तत्वाधान में 10 सितंबर से 15 सितंबर तक विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर/स्टॉल लगाया जा रहा है।

इस स्टॉल में सरल कानूनी ज्ञान माला पुस्तको का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। पात्र व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के विद्वान पैनल अधिवक्ता एवं पैरा लीगल वालंटियर के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता पांचों दिन उपलब्ध कराई जाएगी एवं शिविर में जरूरत मंद को माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से उपकरण आदि उपलब्ध कराए जाएंगे। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के जिला न्यायाधीश महोदय अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में जिला उद्यान केंद्र,निर्मल



सोसाइटी के सहयोग से आज उपरोक्त स्टॉल में महिलाओं हेतु तीन दिवसीय जूट बैग मेकिंग का कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

जिसका शुभारंभ उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के माननीय सदस्य सचिव श्री प्रदीप मानी त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया,जिसमे आदरणीय ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी,माननीय उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण अरूण वोहरा,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलयानी उपस्थित रही।माननीय सचिव त्रिपाठी ने आम जन मानस को इस शिविर से विधिक जागरूकता प्राप्त कर एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर शिविर से अधिक से अधिक लाभ प्राप्त किए जाने एवं देश की जनता को विधिक अधिकारी एवं दायित्व के प्रति जागरूक होकर बेहतर देश के निर्माण की अपील की । उपरोक्त कार्यक्रम में ए ओ एस एल एस ए रमाकांत चौधरी,विद्वान अधिवक्ता मंजू कोतलिया,कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से यशवंत कुमार,उमा भंडारी, कुमारी अम्बिका,पंकज प्रसाद, मनोज बालसूनी, रमाकांत निर्मल सोसाइटी से ट्रेनर, प्रशिक्षु महिलाएं एस एल एस ए एवं डी एल एस ए नैनीताल की टीम एवं आम जन मानस उपस्थित रहे।

## फिल्मी दुनिया

# करीना बोलीं- मैं जवान दिखने की कोशिश नहीं कर रहीं



*फिल्म इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के बोटॉक्स कराने और प्लास्टिक सर्जरी को लेकर काफी बातचीत होती है। हाल ही में, करीना कपूर ने भी इस मामले पर चर्चा की है और इस तरह के ट्रीटमेंट कराने पर अपने विचार साझा किए है। करीना कपूर जल्द ही फिल्म द बकिंघम मर्डर्स में भी नजर आने वाली हैं। करीना कपूर ने कहा कि उन्हें कभी बोटॉक्स या किसी अन्य कॉस्मेटिक बदलाव की जरूरत महसूस नहीं होती है और वो उनकी उम्र वाली भूमिकाएं ही अदा करती हैं। करीना ने यह भी कहा कि उनके पति सैफ अली खान को वो वैसे ही आकर्षक लगती हैं, जैसी वो हैं। करीना ने कहा उनके दोस्त भी तारीफ में कहते हैं कि वो अच्छी दिखती हैं। करीना ने हार्पर्स बाजार को दिए साक्षात्कार में कहा कि उनकी फिल्में अच्छी चल रही हैं और उन्हें अपनी उम्र वाले रोल करने पर गर्व है। उन्होंने यह भी कहा कि वो जवान दिखने की कोशिश नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वो चाहती हैं कि लोग उन्हें उसी तरह देखें, जैसे वो हैं और तारीफ करें। बेबो ने सेल्फ केयर का मतलब समझाते हुए कहा कि खुद के लिए वक्त निकालना ही सेल्फ केयर होता है। फिर चाहे सैफ के साथ खाना बनाना हो, दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताना हो या कसरत करना हो।*

### 13 सितंबर को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

*कहा कि उनके लिए दिल खोलकर बात करना और अच्छा खाना खाना काफी जरूरी है। द बकिंघम मर्डर्स की बात करें तो ये 13 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसका निर्देशन हंसल मेहता ने किया है। फिल्म में ऐश टंडन, रणवीर बरार और कीथ एलन ने भी काम किया है। इसके बाद करीना दिवाली पर रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की पांचवी फिल्म सिंघम अगेन और मेघना गुलजार की %दायरा% में भी दिखाई देंगी।*

# युवक ने फर्जी पेटीएम के जरिए खरीददारी कर कई दुकानदारों को लगाया हजारों का चूना

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

दुकानों में खरीदारी कर पेटीएम के माध्यम फर्जी भुगतान कर ठगी करने वाले युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर व्यापारियों ने कोतवाली में एसएसआइ का घेराव कर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित व्यापारियों ने पुलिस को तहरीर भी दी है।



महानगर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में व्यापारी एकत्रित होकर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद एसएसआइ अशोक कुमार का घेराव कर तहरीर सौंपी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से एक युवक मुख्य बाजार में कंफैक्शनरी, किराना स्टोर व बेकरी की दुकानों में खरीदारी कर पेटीएम के माध्यम से फर्जी भुगतान करता है। भुगतान का मैसेज भी दिखाता है। बाद में जब दुकानदारों ने बैलेंस की जांच की तो पता चला कि कोई भुगतान नहीं हुआ है। अब तक आरोपी आधा दर्जन दुकानदारों से 25830 रुपये की ठगी कर चुका है। उन्होंने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राय, अनिल अरोड़ा, मंदीप सिंह नागपाल, प्रवीण कुमार, प्रवीण अनेजा, श्याम सुंदर खुराना आदि व्यापारी शामिल थे। उधर एसएसआई अशोक कुमार ने बताया कि आरोपी को चिन्हित करने की कार्रवाई की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

## News कॉर्नर

### आबादी क्षेत्र से रिंग रोड निकालना न्यायोचित नहीं: नीरज तिवारी



हल्द्वानी। भाजपा सरकार द्वारा लामचौड़ देवलचौड़ आदि आबादी क्षेत्र से रिंग रोड निकालना न्यायोचित नहीं-नीरज तिवारी कांग्रेस प्रवक्ता ने यह बात कहीं। नीरज तिवारी ने बताया पुर्व में जंगल की तरफ़ से रिंग रोड़ बनाने का प्रस्ताव था जो जनहित में बहुत अच्छा था। किसी भी व्यक्ति विशेष को जमीन आदि का नुक़सान नहीं था, और पुर्व की रिंग रोड से अधिकांश लोग लाभान्वित भी हो रहे थे। वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा पता नहीं क्यों जनभावनाओं को दरकिनार कर नई रिंग रोड को आबादी क्षेत्र से निकालने का ज़बरन प्रयास कर रही है, जो कि सरासर ग़लत है। अन्यथा हम सभी प्रभावित लोग मिलकर रणनीति बनाकर जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### एसएसपी देर रात्रि एक बजे पहुंचे कोतवाली किच्छा, मचा हड़कंप

रुद्रपुर। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने जनपद की कमान संभालें के बाद से ही थाना चौकियों का अचानक निरीक्षण करने पहुंच रहे हैं। देर रात एक बजे किच्छा कोतवाली पहुंचे और उन्होंने रात्रि ड्यूटी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अचानक एसएसपी के किच्छा कोतवाली पहुंचने पर हड़कंप मच गया?। पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक एसएसपी ने किच्छा कोतवाली क्षेत्र पुलिस ड्यूटी को चैक किया। इसके बाद कोतवाली किच्छा का निरीक्षण किया। एसएसपी ने लोगों से अपील की कि क्षेत्र में बेहतर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपद पुलिस का सहयोग करें तथा नियमों का पालन करें।

# बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष ने बाल अपराधों पर अकुश लगाने के दिए निर्देश

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



मंगलवार को विकास भवन में उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर बाल अपराधों पर अकुश लगाने के निर्देश दिये। उन्होने शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि टीम बनाकर स्कूलों में बच्चों को जागरूक करें। उन्होने शिक्षा विभाग के अधिकारी को सभी स्कूल में चाईल्ड हेल्प लाईन (1098), विशेष पुलिस इकाई (112), बाल कल्याण समिति, पीटीए के नम्बर चस्पा करने के निर्देश दिए, तथा स्कूल में सार्वजनिक स्थान पर सीसीटीवी केमरे की निगरानी करने हेतु निर्देश दिए। विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सा विभाग को आरवीएसके टीम के माध्यम से स्कूल में निरन्तर काउंसिलिंग करें। उन्होन अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को अपंजीकृत मदरसों की सूची आयोग को 1 सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने सभी को कार्यों के प्रति संवेदन शील रहते हुए, कार्य करने हेतु निर्देश दिये। नशा मुक्ति, बाल संरक्षण हेतु समस्त विद्यालयों में प्रहरी क्लब के गठन हेतु निर्देशित किया गया, बाल संरक्षण तथा पोक्सो अधिनियम पर प्रत्येक विद्यालय में प्रशिक्षण कराने हेतु निर्देश दिए गए।पोक्सो अधिनियम तथा गुड टच, बेड टच जैसे विषय पर संवेदीकरण कराने हेतु निर्देश दिए गए।

बैठक में प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट डा0 अमृता शर्मा, एएसपी निहारिका तोमर, एसीएमओ डॉ हरेन्द्र मलिक, हरेन्द्र मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक), मुकुल चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अमन अनिरूद्ध जिला समाल कल्याण अधिकारी, व्योमा जैन, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुष्पा पानू सदस्य बाल कल्याण समिति, विवेक तागरा, सदस्य बाल कल्याण समिति, हरनीत कौर, सदस्य बाल कल्याण समिति, बलराम, श्रम प्रवर्तन अधिकारी आदि मौजूद थे।

# दिल्ली का शातिर कलंदर गैंग का सदस्य पुलिस ने गिरफ्तार किया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**कार्रवाई**

● महिलाओं को सम्मोहित कर गहने लूटने का काम करता है कलंदर गैंग



कोतवाली पुलिस ने महिलाओं को संमोहित कर जेवरात लूटने की घटना को अंज़ाम देने वाले दिल्ली का शातिर कलंदर गैंग का पर्दाफाश करते हुए एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि 22 जुलाई 24 को रामेश्वरी देवी पत्नी तेज सिंह निवासी सोढ़ी कालोनी डिबडिबा थाना बिलासपुर रामपुर यूपी ने दी थी। तहरीर में तहरीरी में कहा था कि वह इंदिरा चौक के पास खड़ी थी। तभी 3/4 लोगों ने उसको बातों में उलझाकर तश सम्मोहित कर उसके जेवर उतरवा लिए। बाद में वह फरार हो गए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ पंजीकृत कर विवेचना चौकी प्रभारी रम्पुरा नवीन बुधानी को दी गई। दिनदहाड़े हुई घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी देखे तो एक संदिग्ध कार व तीन चार लोग देखे गए। उन्होंने बताया कि जांच में कार का दिल्ली को जाना प्रकाश में आया। पुलिस ने दिल्ली में सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए तो घटना में शेरुन पुत्र फारुख निवासी कलंदर कालोनी भलस्वा डेरी दिल्ली का नाम प्रकाश में आया। आरोपी को उसके पते पर दबिश दी गई। वह पुलिस को चकमा देता रहा। एसपी सिटी ने बताया कि प्रकाश में आए कलंदर गैंग के मुख्य शेरुन को ब्लाक रोड वन स्टाप सेंटर रुद्रपुर के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चुराए गहनों को बेचकर उसके हिस्से में आए 8800 रुपए बरामद किए?। पुलिस पूछताछ में गैंग के अन्य तीन सदस्यों के नाम भी प्रकाश में आए। उसे कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया। उन्होंने बताया कि हाल निवासी ग्राम चिरोड़ी थाना लोनी गाजियाबाद यूपी का है। टीम में कोतवाल एमएस दसौनी, एसएसआई दीपक कौशिक,एसआई चंदन बिष्ट, एएसआई नवीन जोशी, महेंद्र, प्रकाश भोजक आदि शामिल रहे।

# विद्युत विभाग के जेई परवेज सहयोगी आदित्य के साथ 15 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

देहरादून

हमारे संवाददाता

**पूछताछ**

● कनेक्शन देने की एवज में मांगी थी रिश्वत

देहरादून विजिलेंस ट्रेप टीम ने एक शिकायतकर्ता की शिकायत पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुये जेई परवेज आलम विद्युत विभाग को सहयोगी आदित्य नौटियाल सब स्टेशन हर्बटपुर देहरादून को शिकायतकर्ता से बिजली के कन्केशन लगवाने के एवज में 15 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद सतर्कता अधिष्ठान देहरादून की टीम ने उसके आवास की तलाशी और अन्य स्थानों पर चल-अचल सम्पत्ति के संबंध में पूछताछ की जारी है। देहरादून विजिलेंस कार्यालय निदेशक सतर्कता डॉ वी मुरुगेसन के मुताबिक विजिलेंस ट्रेप टीम ने मंगलवार को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। विजिलेंस टीम ने जेई के साथ ही उसका सहयोगी आदित्य नौटियाल को भी गिरफ्तार किया। रिश्वत लेते समय दोनों एक साथ थे। निदेशक विजिलेंस डॉ वी मुरूगेसन ने टीम को नकद पुरस्कृत करने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि यदि कोई राज्य के सरकारी विभागों में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी एवं लोक सेवक द्वारा लोक कर्तव्य के निर्वहन में अपने आचरण द्वारा या अन्य प्रकार के लाभ हेतु अवैध रूप से रिश्वत की मांग की जाती है या उसके द्वारा आय से अधिक अवैध सम्पत्ति अर्जित की गयी हो तो इस संबंध में सतर्कता अधिष्ठान के टोल फ्री हैल्पलाइन नम्बर-1064 और व्हाटसअप नंबर पर सूचना दे सकते हैं। नाम गुम रखा जाएगा। इधर जेई रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े जाने की सूचना पर विभाग में हड़कंप मच गया।

# जनपद में पंडित गोविंद बल्लभ पंत जयंती धूमधाम से मनाई गई



रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जनपद में भारत रत्न पंडित गोविंद वल्लभ पंत की 137वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। सरकारी और अर्द्धसरकारी जगहों पर पंडित गोविंद बल्लभ पंत के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कलेक्ट्रेट में हर्षोल्लास से पंत जी की जयंती मनाई गई। इस दौरान जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किये। कहा कि पंत जी का पूरा जीवन देश की सेवा के लिए समर्पित रहा उन्होंने अपने दृढ़ प्रयासों से अधुनिक भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। डीएम ने कहा कि पंत जी अविभाजित उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री तो थे ही साथ ही वे भारत के गृहमंत्री भी रहे है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1937 में वे संयुक्त प्रांत के प्रधानमंत्री भी रहे। स्वतंत्रता सेनानी पंत का देश को आजाद कराने में व उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के निर्माण में उनका योगदान व महत्वपूर्ण भूमिका रही है साथ ही तराई के उत्थान में भी उनकी विशेष भूमिका रही है। कृषि, औद्योगिक आदि क्षेत्रों में विकास उनकी विकासवादी परिकल्पना को साकार करता है। उन्होंने बाजपुर चीनी मिल का उदाहरण देते हुए बताया कि किसानों का विकास उनकी प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्तव्य बनता है कि पंत जी के जन्मदिवस पर यह प्रण ले कि हम अपने दायित्वों को पूर्ण लगन व दृढ़ता से निभाएं, यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर एडीएम अशोक कुमार जोशी, एसडीएम मनीष बिष्ट, गौरव पांडे आदि मौजूद रहे। उधर खेड़ा कालोनी में आशुतोष स्कूल में भी पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती मनाई गई। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। स्कूल प्रबंधन रामप्रकाश गुप्ता ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान अतिथियों ने पंत के जीवन पर प्रकाश डाला।

# कुमाऊं में 6.55 लाख बिजली उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर लगेंगे

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

कुमाऊं मंडल में 655305 उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर लगेंगे। इसके तहत कार्यदाई संस्था इस महीने के तीसरे सप्ताह से काम शुरू कर जून 2026 तक पूरा करेगी। स्मार्ट मीटर लगने से जहां बिजली चोरी घटेगी, वहीं राजस्व भी बढ़ेगा। स्मार्ट मीटर लगाने और मेंटेनेंस के लिए 10 साल का कॉन्ट्रैक्ट है। इस संबंध में कुमाऊं कमिश्नर व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने कैंप कार्यालय में पिटकुल, विद्युत और उरेडा विभाग के कार्यों की समीक्षा की।

कुमाऊं कमिश्नर ने कहा कि कॉलोनी डेवलप करने वाले बिल्डर को कॉलोनी में सब स्टेशन के लिए 500 वर्ग मीटर लैंड रखना अनिवार्य होगा। इससे बड़ी कॉलोनी डेवलप होने के बाद सब स्टेशन बनने के लिए सरकारी विभागों को जमीन खोजने की कशमकश में समय बर्बाद नहीं करना पड़ेगा। साथ ही सरकार पर सरकारी भूमि का भार भी कम होगा। आयुक्त ने विद्युत विभाग को इसकी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि कुमाऊं मंडल में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 6749 आवेदकों ने आवेदन किया। जिसके सापेक्ष 1438 उपभोक्ताओं के यहां सोलर प्लांट लग चुके हैं।

इस योजना के तहत 03 किलोवॉट प्लांट में लगभग 1 लाख 36 हजार का खर्चा आता है जिसमें केंद्र से 85 हजार और राज्य सरकार 51 हजार की सब्सिडी भी देती है। उपभोक्ता की बिजली खपत के बाद जितनी यूनिट एक्सेस/बचती है उन यूनिट को यूपीसीएल 5 रुपए 25 पैसे प्रति यूनिट की दर से उपभोक्ता को रिफंड करता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित पोर्टल में जाकर उपभोक्ता आवेदन कर सकता है। सारी स्कीम, सब्सिडी की जानकारी पोर्टल में है। आयुक्त ने विद्युत विभाग को एटी एंड सी लॉस यानी ऊर्जा और कमर्शियल नुकसान को 12 प्रतिशत तक लाने के निर्देश दिए। मार्च 2024 में कुमाऊं का एटी एंड सी लॉस 12.47 प्रतिशत रहा है किंतु कई डिविजन का औसतन से अधिक नुकसान है जिसको कम किए जाने के भी निर्देश दिए। जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत विद्युत विभाग को कुमाऊं मंडल में 630 विद्युत कनेक्शन देने थे। जिसके सापेक्ष पेयजल विभाग ने 521 संयोजन की ही धनराशि जमा की और 416 योजनाओं में कनेक्शन हुए। आयुक्त ने कहा कि बिजली कनेक्शन के कारण लंबित योजनाओं में पेयजल विभाग विद्युत विभाग को तत्काल धनराशि जमा करे। जिससे यथा शीघ्र कनेक्शन मिले। साथ ही कई जगह बोरिंग फेल होने के कारण भी योजनाओं में देरी हुई है इसके लिए पेयजल विभाग स्थल चिन्हित करते हुए विद्युत विभाग को अवगत कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य अभियंता विद्युत हल्द्वानी अतुल गर्बयाल, रुद्रपुर नरेंद्र सिंह टोलिया, पिटकुल हितेंद्र सिंह हयांकी, एडीबी डीसी पांडेय, संयुक्त निदेशक राजेंद्र तिवारी, एसई यूपीसीएल विद्युत नवीन मिश्रा, परियोजना अधिकारी उरेड़ा नैनीताल एस आर गौतम, चंपावत डीएस पटवाल, यूएसनगर के डीएस पटवाल आदि मौजूद थे।

# गणेश महोत्सव: चौथे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



रामलीला मैदान में चल रहे गणेश महोत्सव के चतुर्थ दिवस पर प्रात:कालीन पूजा में विधिवत गजानन को भोग लगाकर पूजा करायी गयी। पूजा के मुख्य यजमान रामबाबू जायसवाल, अरविंद जायसवाल सपत्नीक रहे। सायं कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रथम चरण में डाक्टर गोपालदत्त त्रिपाठी द्वारा गणेश महिमा पर प्रवचन दिये गये । उसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ कलान्जला म्यूजिकल डांस एकेडमी द्वारा बहुत ही खूबसूरत गणेश वंदना से हुआ । इसके साथ ही कलान्जला म्यूजिकल डांस एकेडमी द्वारा अन्य मनमोहक प्रस्तुति, रिदम् डांस क्लासेज, तराना संगीत संस्थान, एल जे संगीत स्कूल ,शिवेन्द्रालय,कत्थक सागर, नुपूर कला केन्द्र, अभाव्य डांस एकेडमी, मां सरस्वती नृत्य कला केन्द्र द्वारा एक से एक बढ़कर आध्यात्मिक क्लासिकल नृत्य कला प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया । इसी मध्य चित्रकला प्रतियोगिता के संयोजक अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि बुधवार को होने वाली चित्रकला प्रतियोगिता पर्यावरण संरक्षण तथा पर्यावरण जागरूकता पर आधारित होगी। क्योंकि इस बार गणेश महोत्सव की थीम पर्यावरण जागरूकता एवं संरक्षण रखी गई है । प्रतियोगिता तीन वर्गों में अपरान्ह 11बजे से प्रारंभ की जायेगी । प्रतियोगिता के प्रायोजक पूरन एण्ड संस परिवार है। आज मुख्य अतिथि बन्शीधर भगत विधायक कालाढ़ुगी व विशिष्ट अतिथि जोगेन्दर पाल सिह रौतेला जी निवर्तमान महापोर हल्द्वानी रहे।आज की आरती में जायसवाल समाज, महावर, अग्रहरी, खण्डेलवाल समाज की भागीदारी रही।